


# शिविर में 52 आवेदन प्राप्त हुए, पात्र हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 मार्च।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत बुधवार को गोहद जनपद पंचायत कार्यालय में खण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गोहद विधायक केशव देसाई, कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीर सिंह चौहान, गोहद के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) समेत विभिन्न विभागों के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**संकल्प से समाधान अभियान के तहत गोहद जनपद पंचायत कार्यालय में खंड स्तरीय शिविर लगा**

शिविर की शुरुआत विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपनी योजनाओं की विस्तृत जानकारी आमजन को देने से हुई। इसके बाद उपस्थित नागरिकों ने अपने आवेदन पंजीकृत कराए। कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए, शिविर के दौरान पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ वितरित किया। आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विभागों को सख्त निर्देश दिए गए। विधायक देसाई ने कहा कि योजना चाहे केन्द्र की हो या राज्य की सभी को पात्रता के अनुसार लाभ मिले और जन- जन तक योजना का लाभ पहुंचे। कलेक्टर ने भी योजनाओं के अधिकतम लाभ पहुंचाने पर जोर दिया।

अभियान हेतु चिहिन्त सभी 106 सेवाओं के आवेदनों को जनपद, नगर निकायों में पंचायत एवं वार्ड स्तर तक कुल दर्ज आवेदनों के निराकरण एवं शेष रहे हितग्राहियों के आवेदनों को प्राप्त कर उनका निराकरण किया जावेगा तथा उक्त समस्त आवेदनों को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन भी निर्धारित यूजर आईडी से पूर्व की भांति दर्ज भी किये जा रहे हैं।

# बच्चों को स्कूल में प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 मार्च।** आंगनवाड़ी केंद्रों पर 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों के लिए स्कूल प्रवेश को प्रोत्साहित करने हेतु विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा हितग्राहियों को पीले चावल देकर परिवार सहित केंद्रों पर आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्राथमिक शाला के शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिससे उनके विद्यालयी जीवन की औपचारिक शुरुआत सुनिश्चित की जा सके।

**पीले चावल देकर परिवार सहित आमंत्रण, 5-6 वर्ष के बच्चों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र**

**केंद्र 26/4 पर हुआ आयोजन** : प्राप्त निर्देशों के तहत 24 मार्च 2026 को आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 26/4 पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद भिंड अध्यक्ष वर्षा बाल्मीक, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अंजू तोमर एवं सेक्टर पर्यवेक्षक साधना चौधरी उपस्थित रहीं।

**स्कूल में सहज स्थानांतरण पर जोर** : कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 5-6 वर्ष के बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज एवं सुगम रूप से स्थानांतरित करना तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को मजबूत बनाना रहा। अधिकारियों ने अभिभावकों को बच्चों की नियमित शिक्षाए समय पर स्कूल प्रवेश एवं उनके सर्वांगीण विकास के महत्व के बारे में जागरूक किया।

**शिक्षा की ओर पहला कदम**

यह पहल न केवल बच्चों के शिक्षा जीवन की शुरुआत को औपचारिक रूप देती हैए बल्कि अभिभावकों में भी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य करती है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हर बच्चे को प्रारंभ से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना समाज और शासन की प्राथमिकता है।

# जनगणना के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 मार्च।** भारत की जनगणना- 2027 का प्रथम चरण यथा सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाना है। इस हेतु भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त जिले से नामित मास्टर ट्रेनर रविकांत सिंह एवं जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से जिला जनगणना प्रभारी भानुप्रताप सिंह द्वारा जनगणना 2027 से सम्बंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

उक्त प्रशिक्षण प्रातः 10.30 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में जनगणना 2027 परिचय और प्रगणकों पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण की विधि एवं उनकी भूमिका एवं कर्तव्यए कानूनी पहलू, जनगणना की नींव का निर्माण, जनगणना में प्रयुक्त अभिधारणाएँ और परिभाषाऐं एचएलबी सीमाओं का ग्राउण्ड टूथिंग तंत्र और ले आउट एवं अन्य जानकारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रथम चरण हेतु भिण्ड जिले के लिये आयोजित 3 दिवसीय प्रशिक्षण में जिला स्तर पर प्रथम दिवस का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में दिया गया है।

उक्त प्रशिक्षण में समस्त ग्रामीण चार्ज के लिये (फील्ड ट्रेनर्स भिण्ड ग्रामीण को छोड़कर) 35 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समस्त फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# हमें कर्तव्यों के प्रति सजग करता है शहीदों का स्मरण : भदौरिया



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 मार्च।** डॉ. श्याम बिहारी शर्मा सेवा परिषद ट्रस्ट द्वारा शहीद दिवस के पावन अवसर पर एक प्रेरणादायी एवं भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन एक निजी कोचिंग संस्थान में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपने देश के महान क्रांतिकारियों के बलिदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत का संचार करना था।

**शहीद दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

कार्यक्रम में प्रदुमन सिंह भदौरिया एवं जयप्रकाश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए भदोरिया ने कहा आज का दिन हमें उन अमर वीरों की याद दिलाता है, जिन्होंने अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए हँसते- हँसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव युवा क्रांतिकारी थे, जिन्होंने बहुत कम उम्र में देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। 23 मार्च 1931 को अंग्रेजी हुकूमत ने फाँसी पर लटका दिया लेकिन वे अपने विचारों और आदर्शों में अडिग रहे। आज जब हम उनके बलिदानों से ही स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, शहीद दिवस हमें यह भी सिखाता है कि हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। हमें अपने विचारों को सशक्त और सकारात्मक बनाना चाहिए। यदि हमारे विचार मजबूत होंगे तो हम किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं।

कार्यक्रम में जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि महान क्रांतिकारियों ने अपने जीवन का हर क्षण देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित किया। उनका साहस, त्याग और देशप्रेम आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शहीदों को स्मरण करने से हमारे मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। शहीद दिवस मनाना तभी सार्थक हैं जब हम वीरों के जीवन दर्शन से प्रेरणा लें और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार रहें।

कार्यक्रम में राघव चौहान, माधव चौहान, सार्थक जैन, अविनाश नरवरिया, सृष्टि शर्मा, सतेंद्र सिंह, विष्णु भदौरिया ने भी अपने- अपने विचार रखे। जिसमें बच्चों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। ट्रस्ट द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। ध्रुव शर्मा द्वारा कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया गया।

# कार्रवाई में देरी पर पूर्व सैनिकों का प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 मार्च।** मिहोना थाना प्रभारी और पूर्व सैनिक के बीच हुए विवाद के मामले में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी ठोस कार्रवाई न होने से नाराज पूर्व सैनिकों ने मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। पूर्व सैनिक संगठन ने एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए थाना प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

**टीआई को किया गया था लाइन अटैच** : मामले में एसपी डॉ. असित यादव द्वारा संबंधित टीआई विजय केन को पहले ही लाइन अटैच किया जा चुका है वहीं पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच जारी है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसारए मिहोना थाना प्रभारी और पूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष एवं रिटायर्ड सूबेदार मेजर राकेश सिंह कुशवाह के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि थाना प्रभारी द्वारा उनके साथ मारपीट की गईए जिसके बाद पूर्व सैनिकों में आक्रोश फैल गया। घटना के दूसरे दिन ही पूर्व सैनिकों ने थाने का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया था।

**सेना मुख्यालय से भी हुई जांच** : मामले की गंभीरता को देखते हुए सेना मुख्यालय की ओर से डिप्टी कर्नल स्तर के अधिकारी विशाल जांच के लिए पहुंचे थे। उन्होंने संबंधित पक्षों से चर्चा कर स्थिति की जानकारी ली और एसपी से मुलाकात कर कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

**5 दिन में कार्रवाई नहीं तो आंदोलन**

एक सप्ताह बाद भी एफआईआर दर्ज न होने पर पूर्व सैनिक संगठन ने नाराजगी जताते हुए एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह कुशवाह ने चेतावनी दी कि यदि 5 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे संभाग में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में हैए लेकिन पूर्व सैनिकों की चेतावनी के बाद प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# 10 साल में भी नहीं हट सका गली का अतिक्रमण



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 मार्च।** शहर में ग्वालियर रोड स्थित गणेश कॉलोनी में किया गया अतिक्रमण 10 साल में भी नहीं हट सका है जबकि इसके लिए पूर्व में प्रशासन द्वारा नगर पालिका को निर्देशित किया जा चुका है। इसको लेकर आज मंगलवार को जन सुनवाई में पुनः आवेदन दिया गया है। जिस पर एडीएम एलएन पांडे द्वारा नगर पालिका को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।

**गणेश कॉलोनी में बेजा कब्जे हटाने का आदेश भी रद्दी की टोकरी में पहुंचा**

बता दें गणेश कॉलोनी निवासी सत्यम सोनी सहित कई अन्य लोग बीते सालों से 30 फीट की गली में कॉलोनीवासी श्रवण पाठक द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की शिकायत करते आ रहे हैं। लेकिन नगर पालिका द्वारा प्रशासन के अधिकारियों के आदेश को अब तक कोई महत्व नहीं दिया गया है। इस कारण कॉलोनीवासियों में नगरीय निकाय के अमले के प्रति रोष व्याप्त है। बताया गया है कि वार्ड क्रमांक 8 स्थित उक्त 30 फीट चौड़ी गली में 18 फीट में अतिक्रमण किया गया है। इसको लेकर राजस्व अमले द्वारा पूर्व में नापजोख भी की गई। इसके पंचनामा में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में 30 फीट की गली 12- 13 होने का उल्लेख है। शिकायत में बताया गया है कि गली में अतिक्रमण कर लिए जाने से वाहनों का आवागमन नहीं हो पा रहा है तथा कार्यक्रम भी करना चाहें तो आवागमन में अड़चन रहती है। इस कारण अतिक्रमण को हटाने के लिए वर्ष 2016 से कॉलोनीवासी गुहार करते आ रहे हैं। लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल कागजी घोड़े ही दौड़ रहे हैं। आवेदन में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि अतिक्रमणकारी अत्यंत ऊंची पहुंच का व्यक्ति है और गली में रहने वालों धौस दी जाती है उनके अतिक्रमण को कोई भी नहीं हटवा सकता। क्यौं कि किसी दिन किसी अधिकारी के साथ तो किसी दिन किसी अधिकारी के साथ सोशल मीडिया पर फोटो प्रसारित किए जाते हैं।

## एक नजर में

### मेहगांव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने देवेंद्र निगम



**मेहगांव, 24 मार्च।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा कांग्रेस पार्टी के सक्रिय सदस्य एवं कर्मठ कार्यकर्ता देवेंद्र सिंह निगम को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मेहगांव का अध्यक्ष नियुक्त किया है इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र निगम ने अपनी नियुक्ति पर वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। निगम के मनोनयन पर कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में मेहगांव ब्लॉक में कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा।

### बालिका पूर्णिमा को नए परिवार में मिलेगा प्यार और दुलार

**भिंड।** सेवा भारती मातृछाया शिशु गृह भिंड में निवासरत बालिका पूर्णिमा के प्री .अडॉप्शन (दत्तकग्रहण) की कार्रवाई आज जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में विधिवत रूप से संपन्न की गई। यह पूरी प्रक्रिया कारा की गाइडलाइन के अनुसार पारदर्शिता एवं विधिक प्रावधानों के तहत पूरी की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी अंजू तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि बालिका को पुणे (महाराष्ट्र) निवासी दंपति द्वारा पोर्टल के माध्यम से रिजर्व किया गया था। दंपति को भिंड बुलाकर उनके समस्त मूल दस्तावेजों एवं सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट का परीक्षण किया गया। परीक्षण में उपयुक्त पाए जाने पर दत्तक ग्रहण समिति की बैठक में उन्हें बालिका के लिए पात्र घोषित किया गया। संभावित दत्तक माता आईटी कंपनी में सीनियर इंजीनियर एवं पिता डिजिटल बुक पब्लिशिंग व्यवसाय से जुड़े हैं। जांच में परिवार आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सक्षम पाया गया जिससे बालिका के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की संभावना सुनिश्चित हुई। बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना ने बताया कि दंपति ने वर्ष 2022 में पोर्टल पर पंजीयन कराया था। लगभग चार वर्ष की प्रतीक्षा के बाद जब बालिका उन्हें सौंपी गई तो उनके भावुक क्षणों को शब्दों में व्यक्त करना कठिन था।

# कामिनी बघेल बनीं एक दिन की जिला पंचायत अध्यक्ष



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 मार्च।** चंबल अंचल में महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल प्रस्तुत करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया द्वारा संचालित नवदिवसीय नवसंकल्प अभियान लगातार प्रेरणादायी साबित हो रहा है। अभियान के छठवें दिवस पर कुमारी कामिनी बघेल निवासी ग्राम ररुआ, तहसील रौन को एक दिन के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।

**अधिकारियों ने दी योजनाओं की जानकारी** : जिला पंचायत कार्यालय पहुंचने पर कुमारी कामिनी का स्वागत किया गया। इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी नितिन दुबे एवं डीपीएम राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान इंद्रजीत दीक्षित द्वारा उन्हें जिला पंचायत की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात एनआरएलएम के अंतर्गत ममता शर्मा बीपीएम के नेतृत्व में महिला स्व.सहायता समूहों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

**लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक** : कार्यभार संभालते ही कुमारी कामिनी बघेल ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक ली जिसमें एसडीओ हरिशचंद्र सूत्रकार उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र की सड़कों की स्थिति एवं निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य समयसीमा में पूर्ण हों तथा सड़कों के गड्ढों को शीघ्र भरा जाए। एसडीओ द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से 4 दिनों में गड्ढे भरने की व्यवस्था की जानकारी दी गईए जिस पर कामिनी बघेल ने इस सुविधा के व्यापक प्रचार.प्रसार के निर्देश दिए।

**कार्यालय का औचक निरीक्षण** : इसके उपरांत उन्होंने जिला पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और साफ-सफाई, कार्यप्रणाली में सुधार तथा जनहितैषी वातावरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। यह अभियान न केवल बेटियों को नेतृत्व का अवसर प्रदान कर रहा हैए बल्कि चंबल क्षेत्र की सामाजिक छवि को सकारात्मक दिशा देने का कार्य भी कर रहा है।

# भक्ति की धूम सुंदरकांड व माता के जगराते में झूमे श्रद्धालु



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 मार्च।** मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित सूर्या रोशनी लिमिटेड कंपनी में धार्मिक आस्था और भक्ति का भव्य आयोजन किया गया। यहां सुंदरकांड पाठ एवं माता के जागरण का कार्यक्रम बड़े श्रद्धा भाव और उत्साह के साथ संपन्न हुआए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**भजनों पर झूमे श्रद्धालु** : जागरण में गायक जवाहरलाल यादव, जुगल किशोर शर्मा एवं जसपाल सिंह भदौरिया द्वारा प्रस्तुत भजनों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रेम से बोलो जय माता दी शेर पर सवार होकर आ जा शेरो वाली मां आ तुझे दिल ने पुकारा जैसे भजनों पर श्रद्धालु तालियों की गूंज के साथ भक्ति में लीन नजर आए और देर रात तक नृत्य करते रहे।

**झांकियों ने मोहा मन:** कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत की गई आकर्षक झांकियों ने भी सभी का मन मोह लिया। झांकियों में मां दुर्गा, मां काली सहित विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूपों का सुंदर प्रदर्शन किया गयाए जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

**नवरात्रि में मां स्कंद देवी की आराधना** : मंगलवार रात से नौ दिवसीय नवरात्रि के तहत माता की प्रतिमा स्थापित की गई। श्रद्धालुओं ने मां स्कंद देवी का विधिवत पूजन-अर्चन कर व्रत रखे और माता रानी के समक्ष अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। पूरे परिसर में जय माता दी के जयघोष गूंजते रहे।

**अधिकारियों व कर्मचारियों की सहभागिता**

इस अवसर पर जनरल मैनेजर मुकुल चतुर्वेदी, सीसीओ सौरभ भार्गव, संजय सिंह कुशवाह, पुरुषोत्तम लाल, आरआई अजय खरे, पटवारी संजय शर्मा, आदित्य कुशवाह, दिनेश चौहान, ठेकेदार छोटे सिंह भदौरिया सहित कंपनी के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।